भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3546
सोमवार, 16 मार्च, 2020/26 फाल्गुन, 1941 (शक)

केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की आवधिक गणना

3546. श्री गौतम गंभीरः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की आवधिक गणना को बंद कर दिया है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) यदि नहीं, तो पिछली गणना किस वर्ष की गई थी और अगली गणना कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ख): जी नहीं।

(ग): केंद्र सरकार के कर्मचारियों की गणना पर पिछली रिपोर्ट (31.03.2011 की स्थिति के अनुसार) 2014 में प्रस्तुत की गई थी। अगली रिपोर्ट प्रकाशित करने का निर्णय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) तथा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से राय प्राप्त हो जाने के उपरांत ही लिया जाएगा।

*****